स्टार समाचार

Text View Comments Email Print SHARE

■ स्टेशन में अफरातफरी ■ शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी ■ डेढ़ घण्टे विलम्ब से छूटी ट्रेन

रेवांचल के एसी कोच में भड़की आग



रीवा। एसी-2 कोच बी-2 में आगजनी के बाद का दृश्य एवं स्टेशन पर अफरातफरी में यात्रीगण।

स्टार समाचार, रीवा

रीवा रेलवे स्टेशन में रात 8 बजे अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई जब रीवा-भोपाल रेवांचल एक्सप्रेस के एसी कोच में अचानक आग भड़क उठी। बोगी से धुआं निकलता देख यात्रियों में भगदड़ सी मच गई। इस बीच मौके पर मौजूद रेलवे के अधिकारियों ने आग पर फौरन नियंत्रण पा लिया। प्रारंभिक जानकारी में आग लगने की वजह एसी कोच की बैटरी में शार्ट-सर्किट को बताया गया है। स्थानीय रेल प्रशासन ने एसी कोच का डिब्बा बदलने के बाद ट्रेन को भोपाल के लिए रवाना करा दिया है। इस क्रम में रेवांचल डेढ़ घण्टे विलम्ब से छूटी है।

रेलवे से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि रीवा-भोपाल रेवांचल एक्सप्रेस की एसी-2 बोगी नम्बर बी-2 में रात 8 बजे अचानक धुएं का गुबार भर गया। जब तक बोगी में मौजूद यात्रियों को समझ में आता तब तक स्टेशन पर अफरा-तफरी मच चुकी थी। बताया गया है कि एसी कोच में लगाई गई बैटरी में शार्ट-सर्किट होने से आग भड़क उठी। हालांकि इस हादसे में किसी प्रकार की जान और माल की क्षति नहीं हुई है लेकिन कोच में जहां से आग भड़की थी बोगी का एक मीटर हिस्सा प्रभावित हुआ है। उसके पेंट उखड़ गए हैं। जैसे ही रेलवे अधिकारियों को आग की सूचना मिली आनन-फानन फायर सिस्टम लेकर आग को बुझाया गया। इस दौरान यात्रियों में खासी दहशत रही है।

स्टेशन में भी भड़क चुकी है आग

एक वर्ष पूर्व स्टेशन में बैटरी बाक्स में भी आगजनी की घटना हो चुकी है। हालांकि उस वक्त भी कोई बड़ी क्षति नहीं हुई थी लेकिन उस आगजनी में रेलवे की बिजली आपूर्ति और सिग्नल प्रणाली को नुकसान पहुंचा था। एक साल के अंदर दूसरी घटना ने रेलवे प्रबंधन और सुरक्षा की खामियों को उजागर करके रख दिया है। यहां आगजनी रोकने के अभी भी कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।

बदला गया एसी कोच

आग हादसे में प्रभावित एसी-2 का कोच बदल दिया गया है। कोच बदलने के बाद रात 9 बजकर 35 मिनट पर रेवांचल को भोपाल के लिए रवाना किया गया है।